तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 14 अगस्त 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 रोजगार और पुनर्वास की मांग को लेकर भूविस्थापितों ने घेरा एसडीएम कार्यालय



श्री शंकराचार्य
कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

## खबर संक्षेप

### स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन आज

**कोरबा।** प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग जिला द्वारा 14 अगस्त को स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन प्रातः 8 बजे सीएसईबी फुटबॉल मैदान से प्रारंभ होकर सीएसईबी चौक से बांए मुड़ते हुए टीपी नगर चौक से दांए मुड़ते हुए पुनःवापस सीएसईबी फुटबॉल मैदान में समापन किया जाएगा। स्वतंत्रता दौड़ में जिले के सभी प्रबुद्धजन, समस्त विभाग के अधिकारी/कर्मचारी स्कूल, कालेज के छात्र/छात्राएं, एनसीसी कैडेटस, एनएसएस समस्त खेल संघों के पदाधिकारी, खिलाड़ी, स्काउट गाईड, नेहरु युवा केन्द्र के सदस्य, गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया गया है। खेल अधिकारी ने समस्त विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, समस्त स्कूल, कालेज के छात्र, छात्राएं, समस्त खेल संघों के पदाधिकारी, खिलाड़ी, एनसीसी कैडेटस, एनएसएस के छात्र छात्राएं, स्काउट गाईड तथा नेहरु युवा केन्द्र के सदस्य प्रातः 7बजे तक घण्टाघर चौक में उपस्थित होने आग्रह किया गया है।

## दो घंटे पेंड्रा पसान मार्ग में आवागमन रहा बाधित

# शिक्षकों की मांग को लेकर आत्मानंद स्कूल के छात्रों ने किया चक्काजाम



सड़क पर प्रदर्शन करती छात्राएं।



छात्राओं से चर्चा करते अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल पसान में शिक्षकों की कमी को लेकर छात्र अब सड़क पर उतरकर चक्काजाम आंदोलन का रास्ता अख्तियार करने लगे हैं।

**खास बात**

- तहसीलदार के आश्वासन के बाद समाप्त हुआ चक्काजाम

इसके पूर्व भी कोरबी आत्मानंद स्कूल के छात्र शिक्षकों की मांग को लेकर 80 किमी दूर जिला मुख्यालय तक पहुंचे थे। जहां से उन्हें आश्वासन दिया गया था।

स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल में शिक्षकों का मुद्दा अब गरमाने लगा है। जहां कभी 10 से 12 शिक्षकों का स्टाफ हुआ करता था आज महज 5 से 6 शिक्षकों के भरोसे इंग्लिश मिडियम स्कूल की पढ़ाई संचालित हो रही है। लगातार छात्र अभिभावक इंग्लिश मिडियम स्कूल में शिक्षकों की कमी के मुद्दे को लेकर जिला प्रशासन से लेकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को अवगत करा चुके हैं। उसके बावजूद शिक्षकों की कमी दूर नहीं हो सकी है। बुधवार को स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल पसान जहां सौ से अधिक छात्र अध्ययनरत हैं और उनकी पढ़ाई के लिए महज चार शिक्षक ही पदस्थ हैं। एक के बाद एक ⏭ शेष पेज 3 पर

### कोरबी आत्मानंद के छात्र पहुंचे थे जिला मुख्यालय

जिला मुख्यालय से 80 किमी दूर कोरबी क्षेत्र में भी स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल संचालित हो रहा है। इससे क्षेत्र के ग्रामीण बच्चों को इंग्लिश मिडियम स्कूल की सुविधा तो मिल गई किंतु शिक्षकों की समस्या जस की तस बनी हुई है। अपनी इस समस्या को लेकर जुलाई महीने के प्रथम सप्ताह में जब जिला प्रशासन स्कूलों में मानदेय शिक्षकों की भर्ती कर रहा था उस समय कोरबी आत्मानंद स्कूल के छात्र भी शिक्षकों की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे थे। जहां से उन्हें आश्वासन देकर वापस भेज दिया गया।

### दो साल से नहीं हुई है शिक्षकों की भर्ती

जिले में 15 स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल संचालित हैं जिनमें बीते दो वर्ष से शिक्षकों की भर्ती नहीं हुई है। इनमें विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के अलावा सहायक शिक्षक, प्रयोगशाला शिक्षक एवं अन्य कार्यालयीन स्टाफ शामिल हैं। वर्ष 2022 में भर्ती की प्रक्रिया शुरु की गई थी लेकिन तकनीकी कारणों से भर्ती स्थगित हुई तो 2025 के आधा सत्र गुजरने के बाद भी शुरु नहीं हो सकी है।

### दस दिन में करेंगे व्यवस्था

स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल में शिक्षकों की भर्ती स्कूल के शुरु होने के दौरान सभी विषयों की गई थी लेकिन एक के बाद एक शिक्षकों के छोड़कर चले जाने से समस्या खड़ी हो गई है। पसान स्कूल में छात्रों ने चक्काजाम किया था। तहसीलदार और बीईओ पहुंचे थे, छात्रों से चर्चा करने के बाद दस दिन के अंदर शिक्षकों की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया गया है। प्रशासन के निर्देश पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी।
**-टीपी उपाध्याय,** डीईओ

# वन विभाग व एसईसीएल की टीम पहुंची थी सर्वे के लिए, पिता पुत्र ने किया जानलेवा हमला, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वन विभाग व एसईसीएल की संयुक्त टीम वनभूमि में पौधारोपण के लिए सर्वे करने पहुंची हुई थी

**खास बात**

- कोरबा वन मंडल के ग्राम आंछीकछार का मामला

लेकिन इस बीच पिता पुत्र मौके पर आ धमके और वन भूमि को अपनी जमीन बताते हुए सीधे सर्वे करने पहुंचे अधिकारियों पर ताबड़तोड़ हमला शुरू कर दिया। इसी तरह अधिकारियों की टीम जान बचाकर मौके से भाग खड़े हुए। जिसके बाद इस मामले की शिकायत वन विभाग को दी गई और मामले की लिखित शिकायत पुलिस से की गई। जिस पर पुलिस ने हमलावर पिता पुत्र के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार कोरबा वनमंडल के अंतर्गत आने वाले कोरबा वन परिक्षेत्र के ग्राम आछीमार के लगभग 3 एकड़ जमीन में पौधों का रोपण करने के लिए 13 अगस्त की सुबह लगभग 9:30 बजे वन विभाग में पदस्थ डिप्टी रेंजर प्रमोद कुमार निर्गुणी, महिला अधिकारी उर्मिला मार्को व एसईसीएल के अधिकारियों की एक संयुक्त टीम ग्राम आछीमार पहुंची हुई थी जहां वन भूमि में पौधारोपण के लिए वन विभाग के अधिकारी व एसईसीएल के अफसर की टीम सर्वे का काम कर रही थी कि इसी दौरान गांव में निवास करने वाले फोटो लाल और उसका पुत्र बाबूलाल मौके पर जा पहुंचे और वनभूमि को अपनी जमीन बताते हुए सीधे वन विभाग के अधिकारी व एसईसीएल के अफसरों पर गाली गलौज शुरू कर दी और उन्होंने आव देखा ना ताव सीधे सर्वे कर रही टीम के अधिकारियों पर हमला कर दिया। इस हमले में डिप्टी रेंजर प्रमोद निर्गुणी को चोट आयी है। घटना के बाद किसी तरह सर्वे करने पहुंचे टीम वहां से भाग निकले और वन विभाग के ⏭ शेष पेज 3 पर

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KORBA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)
89595-93920 • 89595-44444





डॉक्टर्स सजेशन

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# बढ़ती उम्र में जब हो अपच की समस्या



**मेरी उम्र 62 वर्ष है। मुझे खाना ठीक से नहीं पचता। साथ ही कभी कब्ज, तो कभी लूज मोशन की समस्या होती रहती है। मेरे पेट की समस्या का स्थाई उपचार बताने का कष्ट करें।**

**-रामदेव, बहादुरगढ़**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपकी पाचन क्रिया प्रभावित हो गई है। बढ़ती उम्र में कई लोगों को यह समस्या आती है। इसके लिए आपको खान-पान में खास ध्यान देना पड़ेगा। खाने में सलाद और दही जरूर शामिल करें, कोशिश करें कि अधिक तेल वाला खाना बिल्कुल ना खाएं। शाम को हल्का खाना खाएं और सोने से तीन-चार घंटे पहले खाना खा लें। इस तरह बदलाव करने से राहत मिल सकती है।

**मेरी उम्र 27 वर्ष है। मेरे चेहरे पर झाइयां हैं। कई प्रोडक्ट्स यूज करने के बाद भी कोई फायदा नहीं हुआ। इन झाइयों को कैसे ठीक किया जाए? कृपया इसका समाधान बताएं।**

**-पंकज, रायपुर**

जैसा आप बता रहे हैं कि आपने झाइयों के लिए बहुत सारे प्रोडक्ट्स यूज किए। आपने यह नहीं बताया कि यह प्रोडक्ट आपने अपनी मर्जी से इस्तेमाल किए या डॉक्टर की सलाह से? क्योंकि त्वचा में कोई भी क्रीम या लोशन बगैर डॉक्टर के सलाह के नहीं इस्तेमाल करना चाहिए। बेहतर होगा कि आप एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लें, वही इसका ट्रीटमेंट बताएंगे, फिलहाल आप पानी का सेवन खूब करें।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। बारिश के मौसम में कुछ भी ठंडा खाने पर मुझे छींकें आने लगती हैं। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है और यह कैसे ठीक होगा?**

**-साकेत, बिलासपुर**

इस मौसम में गर्मी के मुकाबले तापमान में बदलाव आता है। कुछ लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है, जिसकी वजह से ठंडा या गरम खाने से तुरंत प्रभाव पड़ता है और उसके इफेक्ट सामने आते हैं। इसलिए कोशिश करें कि आप फ्रिज में रखी या ठंडी चीज ना खाएं। साथ ही रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए विटामिन सी वाले फल खाएं।

**मेरी उम्र 46 वर्ष है। मेरे तलवों में कभी-कभी सुई की चुभन जैसा तेज दर्द होता है। ऐसा क्यों होता है, यह किसी गंभीर बीमारी के लक्षण तो नहीं?**

**-दुर्गेश, भोपाल**

बगैर जांच किए आपकी समस्या के बारे में कुछ भी कहना ठीक नहीं होगा। बेहतर होगा कि एक बार आप न्यूरोलॉजिस्ट से संपर्क कर लें। क्योंकि कई बार मसल्स या न्यूरो से संबंधित समस्या भी हो जाती है। इसलिए लापरवाही न करें और डॉक्टर से संपर्क कर लें तो हर शंका का समाधान हो जाएगा।

**मेरी उम्र 53 वर्ष है। बरसात के मौसम में भीगने पर मेरे पैर की अंगुलियों के बीच फफोले पड़ जाते हैं। कृपया बताएं कि इस समस्या से कैसे निजात पाया जाए?**

**-देवेंद्र, रायगढ़**

आप बारिश के पानी से बचें क्योंकि सड़क में भरे पानी में कई बार नाली का पानी मिल जाता है, जो संक्रमण का कारण बनता है। इसलिए आप बारिश में सड़कों पर पानी में न जाएं। अगर जाना जरूरी भी हो तो पैरों में नारियल का तेल लगाकर ही जाएं, वापस आने पर गर्म पानी से पैरों को धोएं और ठीक से सुखा लें और फिर से नारियल तेल लगा लें। इस तरह राहत मिल सकती है। *

प्रस्तुतिः रिचा पांडे

पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।

योगोपचार

दिव्यज्योति 'नंदन'

अगर आप भी इन दिनों यानी मानसून के दौरान डलनेस फील करते हैं तो परेशान ना हों। अपनी नियमित दिनचर्या में कुछ योगासनों को शामिल कर लें। इनके अभ्यास से आपका मूड हैप्पी रहेगा और आप एनर्जेटिक भी फील करेंगे। योगासन किस तरह से मूड को करता है बूस्ट, बता रहे हैं डिटेल में।

# बारिश के मौसम में करें ये योगासन मूड रहेगा हैप्पी-एनर्जेटिक



बारिश के दिनों में जब मन आलस से भरा या बुझा सा रहता है, तो उस दौरान योग, नेचुरल मूड बूस्टर की भूमिका निभाता है। इसके पीछे गहरे वैज्ञानिक कारण जिम्मेदार होते हैं। दरअसल, बारिश के दिनों में कई बार वातावरण, मन-मिजाज पर भारी पड़ता है। लगातार बादलों का घिरा रहना, सूरज की गैरमौजूदगी, घर से बाहर निकलने में असुविधा और थकी हुई दिनचर्या, लोगों को मानसून ब्लूज या टेंपरेरी डिप्रेशन के घेरे में पहुंचा देता है। ऐसी स्थितियों में कुछ योगासन, बेहद असरकारी मूड बूस्टर का रोल निभा सकते हैं, जो ना केवल शरीर को सक्रिय रखते हैं बल्कि मन को भी स्फूर्तिदायक बनाते हैं। क्योंकि योगासन, ना केवल शरीर को स्ट्रेच करते हैं बल्कि दिमाग को भी रिफ्रेश करते हैं। ये हमारे शरीर के जरूरी हार्मोनों को सक्रिय करते हैं और इस तरह बारिश के मौसम में मूड को बढ़िया रखते हैं।

## रिलीज होते हैं सेरोटोनिन-एंडोर्फिन

सेरोटोनिन और एंडोर्फिन हार्मोंस, फील गुड हार्मोन कहलाते हैं और कई ऐसे योगासन हैं, जिनके करने से ये हार्मोन तेजी से रिलीज होते हैं। जैसे, धुंधले-धुंधले बारिश के दिनों में सूर्य नमस्कार करने से शरीर को गर्मी मिलती है और थकावट दूर भागती है। इसे करने से फील गुड हार्मोन पैदा होते हैं, जो हमारे मूड को खुशनुमा बनाते हैं। व्रजासन भी मानसून के दिनों के सुस्ती भगाने का महत्वपूर्ण योगासन है। इसके अलावा अन्य जो आसन बारिश के दिनों में फील गुड हार्मोन का स्राव बढ़ाकर हमारे मन-मस्तिष्क को सक्रिय और ऊर्जावान बनाते हैं, उनमें हैं- बालासन यानी चाइल्ड पोज और शवासन। बालासन करने से मन शांत और प्रसन्न होता है। इसी तरह शवासन भी बहुत फायदेमंद योगासन होता है, क्योंकि यह थकावट और चिड़चिड़ेपन दोनों में लाभकारी होता है। थकावट और चिड़चिड़ापन बारिश के दिनों में अकसर ही हमें अपनी गिरफ्त में ले लेता है। ऐसे में इन दिनों अगर नियमित रूप से ये आसन किए जाएं तो हमारे शरीर से कोर्टिसोल नामक हार्मोन का स्तर घटता है। कोर्टिसोल, तनाव पैदा करने वाला हार्मोन है, जो उन लोगों में बहुत कम रिलीज होता है, जो बारिश के दिनों में नियमित रूप से सक्रिय रहते हैं और जो सक्रिय नहीं रहते, उन्हें ये दिन बेहद थकान और तनाव से भरे लगते हैं। कोर्टिसोल कम बनने से शरीर को ऊर्जा मिलती है और तनाव से मुक्ति मिलती है। गौरतलब है कि कोर्टिसोल हार्मोन हमारी अनिद्रा, बेचैनी और डिप्रेशन के लिए भी जिम्मेदार होता है। जब कोर्टिसोल बनता ही नहीं तो या बहुत मामूली बनता है, तो हमें बारिश के दिनों में योग करने से विशेषकर बालासन और शवासन से तनाव से मुक्ति मिलती है।

## योग इसलिए जरूरी है

वास्तव में योग कोई दवा या लत नहीं है, यह बिना किसी साइड इफेक्ट के एक ऐसा अभ्यास होता है, जो हमारे शरीर को वही फायदे देता है, जो कई जड़ी-बूटियों और दवाओं से मिलता है। इसलिए बारिश के दिनों में बाकी किसी मौसम के मुकाबले कहीं ज्यादा योगासन करने की जरूरत होती है। इसके लिए घर पर मैट बिछाकर या खुले कमरे में चादर बिछाकर आराम से आधे से एक घंटे तक योगासन करना चाहिए। ऐसा करने से शरीर का बाहरी आवरण तो स्वस्थ और सुंदर बनता ही है, मन का भीतरी आवरण यानी मानसिक भावनाएं भी ऊर्जा से लबरेज हो जाती हैं, क्योंकि इन दिनों सूरज कम दिखता है, जिससे हमारे शरीर को जरूरी विटामिन डी और हैप्पी हार्मोन जैसे सेरोटोनिन मिलने कम हो जाते हैं। ऐसे में पूरा शरीर डल, थका-थका सा महसूस करता है। लेकिन योग इन्हीं दिनों अपने नियमित अभ्यास के कारण आपको न केवल थकान और डलनेस से बचाता है बल्कि इसी के कारण इन दिनों आप अस्वस्थ होने और संक्रमण से भी बचे रहते हैं।



### इन बातों का ध्यान रखें



**बारिश के** दिनों में योगासन करने से मूड बूस्ट होता है, लेकिन भूल करके भी इन दिनों नमी वाले फर्श पर योगासन नहीं करें। जिम में पहने जाने वाले टाइट-फिटेड ड्रेस पहन कर भी कभी योगासन नहीं करें। हल्के, कॉटन ड्रेस पहनकर ही योगासन करें। भोजन के कम से कम ढाई से तीन घंटे बाद ही मानसून के दिनों में आसन करें वर्ना पाचन की समस्या हो सकती है। इन दिनों अपने योगासनों में ध्यान को भी जरूर शामिल कर लें। इससे मन को ऊर्जा और शांति मिलती है।

## इसलिए कहते हैं मूड बूस्टर

योग को नेचुरल मूड बूस्टर इसलिए माना जाता है क्योंकि इसकी कुछ विशेष क्रियाएं शरीर के हार्मोनल बदलाव में बड़ी भूमिका निभाती हैं। इससे मन शांत, स्फूर्तिवान तथा मूड ऊर्जावान बनता है। बारिश के दिनों में योग करने से शरीर से एंडोर्फिन और सेरोटोनिन का जो स्राव होता है, ये दोनो वही हार्मोन हैं, जो हमारे दोस्तों के साथ खिलखिलाकर हंसने से पैदा होते हैं या फिर व्यायाम करने से पैदा होते हैं। इन दिनों नियमित तौर पर योगासन करने से हम अपनी सांसों पर नियंत्रण कर सकते हैं। विशेषकर अनुलोम-विलोम, भ्रामरी और उज्जाई तकनीकों से मस्तिष्क को ताजगी और शांति मिलती है।

## ऊब-अकेलापन भी करता है दूर

बारिश के दिनों में ऊब और अकेलापन भी एक बड़ी समस्या होती है। घर से जाकर मनोरंजन करने या मूड बदलने की हिम्मत नहीं होती और घर में पड़े-पड़े डिप्रेशन की गिरफ्त में हम आ सकते हैं। ऐसे में बारिश के दिनों में घर से बाहर निकलें, प्रकृति के बीच विचरण करें और योग करें तो इस तरह के सारे अकेलेपन के भाव दूर हो जाते हैं।

## ये आसन हैं कारगर

सूर्य नमस्कार करने से शरीर का रक्त संचार बेहतर होता है और पूरे शरीर में ऊर्जा का प्रवाह महसूस होता है। बालासन करने से मन को शांति मिलती है, जो कई रसायनिक प्रक्रियाओं के साथ मन को स्फूर्तिदायक चेतना प्रदान करता है। सेतुबंध आसन, अनुलोम-विलोम, व्रजासन तथा भ्रामरी प्राणायाम बारिश के दिनों में मन की सुस्ती और थकान को दूर करके दिल-दिमाग को ऊर्जा से लबरेज करते हैं। इन्हें भी अपने रूटीन में शामिल कर सकते हैं। *







हर्बल जोन / रेखा देशराज

# फंगल इंफेक्शन-एलर्जी से बचाए एलोवेरा

बारिश के मौसम में एलोवेरा हमें फंगल इंफेक्शन और एलर्जी से बचाने के लिए एक इफेक्टिव नेचुरल प्लांट है। यह न केवल शरीर के बाहरी संक्रमण से हमें बचाता है बल्कि हमें भीतरी तौर पर भी मजबूती देता है। बारिश के दिनों में एलोवेरा के इस्तेमाल से हमारा पाचन दुरुस्त रहता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता हममें बरकरार रहती है। त्वचा विभिन्न तरह के मौसमी संक्रमण से बची रहती है और बाल जो इन दिनों बारिश के पानी आदि से खराब हो जाते हैं, उससे भी एलोवेरा हमारा बचाव करता है। इसका कारण यह है कि एलोवेरा में प्राकृतिक एंटी फंगल, एंटी बैक्टीरियल और एंटी इंफ्लेमेट्री गुण पाए जाते हैं।



**फंगल संक्रमण से बचावः** चूंकि बारिश के दिनों में वातावरण में नमी बहुत अधिक होती है, जो फंगल यानी फफूंदी के पनपने के लिए सबसे आदर्श स्थिति होती है। इस मौसम में शरीर के पसीने वाले हिस्सों जैसे पैर, बगल, गर्दन, पीठ पर फंगल इंफेक्शन का खतरा रहता है। इस संक्रमण से खुजली होती है, जलन महसूस होती है, लाल चकत्ते पड़ जाते हैं या बदूबदार दाने निकल आते हैं।

**एलर्जी से बचावः** मानसून के दिनों में कई लोगों को त्वचा की एलर्जी बहुत परेशान करती है। जैसे पसीने से रैशेज, गंदे पानी से खुजली, मच्छरों के काटने से सूजन आदि का होना। ऐसे में एलोवेरा त्वचा की सभी समस्याओं से राहत दिलाता है। एलोवेरा जैल का इस्तेमाल करने से त्वचा में आई सूजन भी समाप्त हो जाती है। दरअसल, एलोवेरा में ग्लूकोमैनन और जिबरेलिन जैसे तत्व मौजूद होते हैं, जो त्वचा में किसी भी तरह से आई सूजन को कम करते हैं। इसके साथ ही एलोवेरा त्वचा को नमी देता है, जिससे इसकी ड्राइनेस और जलन खत्म होती है। इसका एंटी ऑक्सीडेंट गुण बारिश के दिनों में त्वचा को होने वाली विभिन्न नुकसानों की भरपाई करता है। इसका इस्तेमाल बहुत सरल है। एलोवेरा के जैल को एलर्जी वाली जगहों पर हल्के हाथों से लगाएं और जगह को बिना धोए ही छोड़ दे। मच्छर के काटने या खुजली में यह प्राकृतिक कूलिंग जैल की तरह का काम करता है।

**बरतें सावधानीः** एलोवेरा के इस्तेमाल के पहले यह सुनिश्चित कर लें कि आप जिस एलोवेरा जैल का इस्तेमाल कर रहे हैं, वह सौ प्रतिशत शुद्ध है, इसमें किसी तरह की कोई सुगंध या रसायन की मिलावट न की गई हो। गर्भवती महिलाओं को विशेष तौर पर इसके इस्तेमाल से सावधान रहना चाहिए और यदि कोई विशेष दवा ले रहा है, तो उसे एलोवेरा का सेवन करने के पहले डॉक्टर की सलाह ले लेना चाहिए। *



## खबर संक्षेप

### स्वतंत्रता दिवस पर साकेत में महापौर करेंगी ध्वजारोहण



कोरबा। अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत साकेत भवन में ध्वजारोहण करेंगी। इस अवसर पर निगम के सभापति नूतन सिंह ठाकुर, आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, मेयर इन काउंसिल सदस्यगण, पार्षदगण, एल्डरमेनगण के साथ-साथ निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में प्रातः 7 बजे ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ध्वजारोहण करेंगी।

### जिला कांग्रेस कमेटी का ध्वजारोहण गांधी चौक में

कोरबा। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 अगस्त को गांधी चौक कोरबा में स्वतंत्रता दिवस, धुमधाम के साथ मनाया जावेगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्धय नत्थुलाल यादव एवं मनोज चौहान ने बताया कि 15 अगस्त को प्रातः 7.30 बजे, गांधी चौक कोरबा में पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में स्वतंत्रता दिवस मनाया जावेगा। जिला अध्यक्ष द्धय ने जिला कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, इंटक, सेवादल, पार्षदगण, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ, पार्षद प्रत्याशियों, पूर्व पार्षदगण सहित कांग्रेस परिवार कोरबा को समय पर उपस्थित होने आग्रह किया है।

### नशे में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध दर्ज किए गए 184 प्रकरण



कोरबा। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर पुलिस द्वारा नशे का सेवन कर वाहन चलाने के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में 1 से 12 अगस्त तक जिले में मोटर व्हीकल एक्ट के तहत सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान में जिले के सभी थाना, चौकी एवं यातायात पुलिस ने मिलकर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर पैनी नज़र रखी। चेकिंग के दौरान ऐसे वाहन चालकों एवं व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई जो मोटरयान अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन कर रहे थे। अभियान के दौरान कुल 184 प्रकरण दर्ज किए गए तथा यातायात पुलिस ने यातायात नियमों का पालन करने, वाहन चलाते समय आवश्यक दस्तावेज अपने साथ रखने, शराब पीकर वाहन न चलाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने की अपील की है।

### 25 आश्रम छात्रावासों में अधीक्षक आवास का होगा निर्माण

कोरबा। ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों के शासकीय संस्थानों के अधोसंरचना विकास की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में कोरबा जिले में बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा और समग्र विकास को प्राथमिकता देते हुए जिला प्रशासन द्वारा एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है।

## निधन

### श्रीमति आशा सिंह



बिलासपुर। पूर्व विधायक स्व बलराम सिंह की पत्नी श्रीमति आशा सिंह का बुधवार की सुबह 4 बजे 85 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा बुधवार की दोपहर 3 बजे नेहरू नगर अर्चना विहार से निकाली गई। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। यहां शोक सभा आयोजित कर शहर के गणमान्य नागरिकों, परिजनों की उपस्थिति में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वे कांग्रेस सचिव आशीष सिंह ठाकुर, आलोक सिंह, अखिल सिंह, आदित्य सिंह की माता तथा तखतपुर की पूर्व विधायक रश्मि सिंह की सास थीं।

## जिला भाजपा सहित नगर निगम के सभी जोन में हुआ आयोजन

# घंटाघर से कोसाबाड़ी चौक तक निकाली गई तिरंगा यात्रा



तिरंगा यात्रा के दौरान भाजपाई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आज़ादी के अमृत महोत्सव के तहत जिला भाजपा द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत आयोजित विशाल तिरंगा यात्रा ने शहर में देशभक्ति का माहौल बना दिया। दोपहर 2:30 बजे घंटाघर ओपन थिएटर से शुरू होकर हनुमान मंदिर कोसाबाड़ी चौक तक पहुंची इस यात्रा में बारिश की झड़ी भी उत्साह की राह में बाधा न बन सकी। आसमान से गिरती बूंदों के बीच हाथों में लहराते तिरंगे चले। बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग हर वर्ग के लोग तिरंगे की शान में कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ते रहे। शहर की सड़कों पर भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों की गूंज दूर-दूर तक सुनाई देती रही। यात्रा में भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी, कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, प्रदेश मंत्री रितु चौरसिया, महापौर संजू देवी राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष पवन सिंह, तिरंगा यात्रा संयोजक डॉ. राजीव सिंह, जोगेश लंबा, ज्योति नंद दुबे, देवेंद्र पांडे, अशोक चावलानी, पवन गर्ग, निकिता मुकेश जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष दीपिका राजेंद्र राजपूत, विकास झा, सतीश झा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मंजू सिंह, मनोरमा शर्मा, मंडल अध्यक्ष डॉ. राजेश राठौर, योगेश मिश्रा, दिलेंद्र यादव, उदय शर्मा, अभिषेक गर्ग, ईश्वर साहू, ओम प्रकाश साहू, किशन साहू, हरिशंकर यादव, रामकुमार गबल, राजू प्रजापति, कृष्णा पटेल, बृजेश यादव, पुनिराम साहू, श्रीधर द्विवेदी, मिलाप बरेट, पंकज प्रजापति, सरस्वती पटेल, अजय चंद्र, लकी नंदा, दीपक, दीपक यादव सहित सभी मंडल अध्यक्ष, विभिन्न मोर्चा-प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इसके साथ ही अनेक सामाजिक संगठन, स्वयंसेवी संस्थाएं, वरिष्ठ नागरिक, स्कूली बच्चे, छात्र-छात्राएं और पूर्व सैनिकों ने भी तिरंगा यात्रा में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई।

### निगम के सभी जोन में निकाली गई हर घर तिरंगा रैली



कोरबा। कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में आयोजित किए जा रहे हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत नगर निगम के सातों जोन अंतर्गत हर घर तिरंगा रैली निकाली गई। निगम के अधिकारी कर्मचारियों, निगम की स्वच्छता दीदियों एवं महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं ने अपने हाथ में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लेकर रैली में भाग लिया एवं आमनागरिकों से आग्रह किया कि वे अपने घरों व दुकानों में पूरे सम्मान के साथ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराएं तथा स्वच्छता के संग स्वतंत्रता का उत्सव मनाएं। नगर निगम के नोडल अधिकारी उपायुक्त पवन वर्मा ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग का महाअभियान संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में निगम के जोन टीपी नगर, कोसाबाड़ी, पं.रविशंकर शुक्ल नगर, बालको, दर्री व सर्वमंगला आदि सातों जोन में हर घर तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। इस मौके पर निगम के अधिकारी कर्मचारियों, स्वच्छता दीदियों, महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों व नागरिकों ने अपने-अपने हाथ में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को लेकर रैली में शामिल हुए तथा आमजन से आग्रह किया कि वे अपने-अपने घरों में, दुकान व प्रतिष्ठानों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को पूरे सम्मान के साथ फहराएं, साथ ही रैली के माध्यम से आमजन तक यह संदेश भी पहुंचाया गया। 9 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम के इस महाअभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सार्वजनिक उपक्रमों, स्वसहायता समूहों, सामाजिक संगठनों, कार्पोरेट व निजी संगठनों सहित आमनागरिकों को जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि अगली गतिविधियों में शासकीय भवनों एवं संस्थानों, आवासीय भवनों में तिरंगा लाईटिंग, रंगोली, सेल्फी जोन सहित अन्य आयोजन किए जाएंगे।

### हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत कोरबा में तिरंगा निकाली गई रैली




कोरबा। हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान अंतर्गत जनपद पंचायत कोरबा में भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नशा मुक्त भारत महाअभियान के तहत सभी उपस्थित जनों ने नशामुक्त जीवन का संकल्प भी लिया। रैली का शुभारंभ जनपद पंचायत परिसर से हुआ, जो कोरबा शहर के प्रमुख चौक-चौराहों से गुजरते हुए पुनः जनपद कार्यालय में सम्पन्न हुई। रैली में राष्ट्रध्वज की शान के साथ स्वच्छता, देशभक्ति और नशामुक्त समाज के संदेश से सुसज्जित बैनर, पोस्टर और नारे गूंजते रहे। इस आयोजन में बड़ी संख्या में जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी, सामाजिक संगठन, व्यापारी संघ, और आम नागरिक शामिल हुए। हर घर तिरंगा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह हमारे राष्ट्र के प्रति गर्व और सम्मान का प्रतीक है। स्वच्छता और नशामुक्ति की दिशा में यह कदम आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ और सशक्त भारत के निर्माण का आधार बनेगा। इस अवसर पर सभी नागरिकों से 15 अगस्त को अपने-अपने घरों, प्रतिष्ठानों और कार्यस्थलों पर तिरंगा फहराकर राष्ट्रीय पर्व को गौरवपूर्ण तरीके से मनाने का आग्रह किया। साथ ही स्वच्छता और नशा मुक्ति के संकल्प को जीवन में अपनाने का संदेश भी दिया।

### भाजपा कुदमुरा मंडल ने निकाली तिरंगा यात्रा



रजगामार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर प्रतिवर्ष देश भर में तिरंगा यात्रा कार्यक्रम किया जाता है। इसी के तहत भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर सभी जिले एवं प्रत्येक मंडल स्तर पर मोर तिरंगा मोर अभिमान कार्यक्रम का आयोजन कर तिरंगा यात्रा निकाला जाएगा। इसी कड़ी में 13अगस्त को भाजपा कुदमुरा मंडल द्वारा भव्य तिरंगा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से रामपुर क्षेत्र के पूर्व विधायक ननकी राम कंवर, जिला पंचायत की सदस्य श्रीमती रेणुका राठिया, पूर्व जिला पंचायत सदस्य संदीप कंवर, मंडल अध्यक्ष बृजलाल राठिया, कार्यक्रम के प्रभारी कुल सिंह कंवर, महामंत्री उमेश्वर सोनी, कौशल चौरसिया, विनय पांडे, गोवर्धन गुप्ता, मुकेश जायसवाल, जितेंद्र अग्रवाल, युवा मोर्चा के अध्यक्ष धनंजय चौहान, पुष्पेंद्र डडसेना, मनोज साव, नीरज मिश्रा, रामायण राठिया, दिनेश प्रजापति, अरुण शर्मा, चेतन वर्मा, विवेक मिश्रा, हृदय चौहान, अजय राठिया, अक्ष्य राठिया, दयाराम कंवर, राजकुमार, उत्तम पटेल सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कोरबा से पिकनिक मनाने आया युवक खूंटाघाट में डूबा

बिलासपुर। कोरबा से पिकनिक मनाने आया एक युवक नहाते समय खूंटाघाट बांध में डूब गया है। एसडीआरएफ की टीम बांध पहुंच गई, किन्तु अंधेरा होने के कारण उसकी तलाश शुरू नहीं की गई। गुरूवार की सुबह युवक की तलाश की जाएगी।

रतनपुर थाना के एएसआई दिनेश तिवारी ने बताया, मध्य प्रदेश बालाघाट डूगल निवासी विशाल मानकर पिता कन्हैया मानकर 26 साल कोरबा दीपका में रहकर ट्रांसपोर्टिंग का काम करते हैं। बुधवार को वे अपने दोस्त मनोज कुमार, चंदन सिंह, अश्वनी सिंह, आनंद गोस्वामी, हेमंत तावड़े के साथ रतनपुर खूंटाघाट पिकनिक मनाने आए थे। दिन भर घूमने के बाद शाम 5.30 बजे खाना खाने के लिए बाद विशाल मानकर नहाने के लिए डैम में उतर गए। नहाने के दौरान वे गहराई में जाकर डूब गए। विशाल मानकर के नहीं आने पर उसके दोस्तों ने जाकर देखे तो वे नजर नहीं आए। खोजबीन करने पर भी उनका पता नहीं चल पाया। इस पर दोस्तों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस व एसडीआरएफ की टीम खूंटाघाट डैम पहुंच गई। अंधेरा होने पर एसडीआरएफ की टीम डैम में नहीं उतर पाई। गुरूवार की सुबह टीम के द्वारा युवक की डैम में तलाश की जाएगी।

# तालाब में डूबने से युवक की मौत

कोरबा। उरगा थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत तुमान निवासी बलदेव कैवर्त 24 वर्ष 12 अगस्त को नहाने के लिए जूना तालाब गया था लेकिन काफी देर तक वापस नहीं आने पर ग्रामीणों ने उनकी तलाश शुरू की। ग्रामीणों की तलाश के बाद भी बलदेव का कुछ पता नहीं चला, जिससे उनके परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। बुधवार की सुबह जब ग्रामीण तालाब के पास पहुंचे तो उन्हें बलदेव का शव तालाब में तैरता हुआ मिला। इसकी सूचना तत्काल उरगा पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बरामद किया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि बलदेव की मौत तालाब में डूबने से हुई है।

# लायंस का नि:शुल्क दन्त परीक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा




शिविर में उपस्थित चिकित्सक व लायंस क्लब के पदाधिकारी।

दी इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लायन्स क्लब से सम्बंधित संस्था लायन्स क्लब कटघोरा छुरी शुरू से ही नगर में हो रहे सामाजिक गतिविधियों के लिए जानी जाती रही है इसी बीच सिटी डेंटल हॉस्पिटल कटघोरा के सयुक्त तत्वावधान में

**खास बात**

- शिविर में 450 बच्चों ने कराया दंत परीक्षण

यह कार्यक्रम आयोजित किया गया क्लब के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि आजकल बच्चों के खानपान की वजह से अक्सर दांतों में तकलीफ हो जाती है इन्हीं समस्याओं को देखते हुए क्लब के द्वारा सिटी डेंटल हॉस्पिटल कटघोरा के दन्त चिकित्सकों की टीम के द्वारा त्रिलोकी स्कूल में निःशुल्क दन्त परीक्षण का शिविर लगाया गया।

स्कूल के डायरेक्टर आशुतोष धनोंदिया ने बताया कि निश्चित ही लायन्स क्लब कटघोरा छुरी जिस प्रकार से सामाजिक कार्य कर रही है वह सराहनीय है। आज के इस भागमभाग व व्यस्तम जिंदगी में किसी के पास समय ही नहीं होता है कि अपना सही समय पर इलाज करा सकें। संस्था के द्वारा लोगों को बीमारी से निजात दिलाने निःशुल्क शिविर लगाया गया है। डॉ शुभम दास ने बताया कि निश्चित ही खान पान दांत में होने वाले बीमारी की मुख्य वजह है अक्सर व्यक्ति रात में खाना खाकर बिना ब्रश किये ही सो जाते हैं जिसकी वजह से दांतों की बीच में खाना रह जाता हैं व रात भर रहने की वजह से कई प्रकार की बीमारियों को जन्म देता है व दांतों को नुकसान पहुंचाता है दांत समय से पहले ही सड़ने लगते है, जिसकी तकलीफ असहनीय होती है क्लब के द्वारा स्कूल के बच्चों के स्वास्थ्य को देखते हुए शिविर लगाया गया। त्रिलोकी पब्लिक स्कूल 450 बच्चों ने अपना दन्त परीक्षण कराया। परीक्षण उपरान्त क्लब के द्वारा शिविर में अपना महत्वपूर्ण सहयोग दिए जिसमें डॉ मोहम्मद सरफराज खान, डॉ निकिता नाथ, डॉ शुभम दास, डॉ जेब्रान, प्राचार्या डॉ मोना ठाकुर, प्राचार्या दीपा चौहान का योगदान रहा। इस अवसर पर चेतन महंत, फैज अहमद, यशना देवांगन, निशि यादव के अलावा डिस्ट्रिक्ट पीआरओ एवं संरक्षक अजय धनोंदिया, क्लब अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, दीपक गर्ग, नरेंद्र अग्रवाल, राजूदास दीवान, राकेश शर्मा, अजय श्रीवास्तव, भारत भूषण सहित स्कूल के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### शिक्षकों की...

शिक्षकों के त्याग पत्र दिए जाने के बाद यह स्थिति निर्मित हुई है और अभी तक के विकासखंड में पदस्थ रहे शिक्षा अधिकारी लगातार इस स्थिति को देखते हुए शिक्षकों की व्यवस्था करने में नाकाम रहे। यही कारण था कि बुधवार कि बुधवार को पसान स्कूल के छात्र छात्राओं ने बस स्टैंड और लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह के सामने चक्काजाम कर दिया। सुबह 7.30 बजे छात्र स्कूल परिसर में एकत्र हुए और वहां से बस स्टैंड और पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह के सामने चौक में चक्काजाम कर दिया। जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। चक्काजाम की सूचना मिलने पर तहसीलदार विरेंद्र कुमार श्याम और विकासखंड शिक्षा अधिकारी केआर दयाल मौके पर पहुंचे और दस दिन के अंदर स्कूल में शिक्षकों की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया। तब जाकर 10.30 बजे छात्रों ने अपना चक्काजाम किया। इस दौरान जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा के उपाध्यक्ष प्रकाशचंद जाखड़ सहित, प्रताप चंद साहू, आरीफ खान आदि उपस्थित थे।

**110 पदों पर होनी थी भर्ती :** वर्ष 2022 में जब शिक्षकों की भर्ती की शुरुआत हुई थी उस समय 120 पदों के लिए ज्ञापन भी जारी किये गये थे। जिसपर बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने आवेदन दिये थे। हजारों की संख्या में आवेदन पहुंचने के बाद भर्ती की प्रक्रिया शुरु नहीं हो सकी और एक वर्ष तक मामला लटका रहा। 2023 में विधानसभा चुनाव के कारण भर्ती प्रक्रिया स्थगित कर दी गई तब से लेकर आज तक शिक्षकों के सैंकड़ों पद स्कूलों में खाली है।

### वन विभाग व...

वरिष्ठ अफसरों को इसकी सूचना दी गई। जिसके बाद डिप्टी रेंजर प्रमोद निर्गुणी ने मामले की लिखित शिकायत सिविल लाइन पुलिस से की है। जिस पर सिविल लाइन पुलिस ने हमलावर पिता पुत्र फोटोलाल व बाबूलाल के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### संगठन विस्तार एवं सृजन के लिए करनी होगी दिन दूनी रात चौगुनी मेहनत : लैतफलांग



कोरबा। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता होने के नाते हमारा विशेष उत्तरदायित्व बनता है कि संगठन के विस्तार एवं सृजन के लिए दिन दूनी रात चौगुनी मेहनत करें। हमें एकजूट होकर कदम से कदम मिलाकर यह सुनिश्चित करना होगा कि जिला, ब्लॉक, मंडल, वार्ड एवं बूथ कमेटी इतना सशक्त एवं मजबूत बने जिससे हम विरोधी ताकतों से हर स्तर पर सामना कर सकें। उक्त बातें कांग्रेस नेत्री सुश्री जरिता लैतफलांग ने जिला कांग्रेस कार्यालय में संगठन विस्तार के लिए आयोजित बैठक के दौरान कही। बैठक के शुरूआत में पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि कोरबा शहर में कुल 10 मंडल अध्यक्ष बनाए गए जो शीघ्र ही मंडल कमेटी का गठन कर जिला कमेटी को सौपेंगे। वहीं 4 ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का पुनः गठन किया जा रहा है। वार्ड कमेटी एवं बूथ कमेटी का गठन करेंगे। कोरबा संगठन प्रभारी एवं पूर्व मंत्री डॉ.प्रेमसाय टेकाम ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए कांग्रेस के विचारधारा के तहत ऐसे कार्यकर्ताओं को कांग्रेस संगठन में पदाधिकारी बनावें जो विपरीत परिस्थिति में भी अंगद की तरह अडिग रहते हैं। रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया, पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर, पूर्वविधायक मोहित केरकेट्टा, पूर्वविधायक श्याम लाल कंवर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष नत्थूलाल यादव, मनोज चौहान, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी, प्रदेश कांग्रेस सचिव विकास सिंह, गौरेला पेण्ड्रा मरवाही नगर पालिका अध्यक्ष राकेश जाला, नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू, रेखा त्रिपाठी, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष गजानंद साहू, अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष नारायण कुर्रे।


## हेल्थ प्लस

### अधिक उम्र और जटिल बिमारियों के बाद मिला संतान सुख



कोरबा। कृष्णा आईवीएफ सेंटर नित नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है, जहां अभी एक निःसंतान दंपत्ती जिनकी उम्र महिला 46 वर्ष, पुरूष 49 वर्ष के थे जिन्हें विवाह के 20 वर्ष उपरांत भी संतान सुख से वंचित थे उनके घर का सूना आंगन उन्हें दिन प्रतिदिन पिरह की वेदना खा रहा था। उनका जीवन अध्याधिक पीड़ा से गुजर रहा था। ऐसे कठिन समय में दंपत्ती जब अपनी परेशानी लेकर फर्टिलीटी रोग एवं महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रीति उपाध्याय जो कि क्षेत्र की एक मात्र आईवीएफ सेंटर कृष्णा आईवीएफ सेंटर की संचालक है। उन्होंने प्रारंभिक जांच के बाद ही बता दिया कि महिला की अधिक उम्र बीपी, शुगर, थायराईड की समस्या हार्मोन की कमी को देखते हुए सामान्य गर्भ की कोई भी उम्मीद नहीं होना एवं आधुनिक एवं उच्चस्तरीय आईवीएफ कराने की सलाह दी उसके बाद आईवीएफ तकनीक से दंपत्ती का ईलाज शुरू हुआ, कुछ ही महीने में महिला के गर्भ में भ्रूण को प्रत्यारोपित कर दिया गया जो सफल रहा है। प्रारंभिक बीमारियों को देख-रेख करते पूर्ण गर्भकाल पूरा किया गया। महिला ने जुड़वा बच्चों को जन्म दिया। पूरा परिवार और अस्पताल के समस्त स्टॉफ खुशी से गदगद थे। जो दंपत्ती 20 वर्षों से इस खुशी का इंतजार कर रहे थे। वह इसे पाकर भावविभोर हो रहे एवं कृष्णा आईवीएफ सेंटर तथा समस्त स्टॉफ एवं डॉक्टर को धन्यवाद अर्पित कर रहे हैं।

### एमजेएम हॉस्पिटल में 15 से 31 मनाया जाएगा लाड़ली स्वागत उत्सव



कोरबा। एमजेएम हॉस्पिटल ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 से 31 अगस्त तक अस्पताल में लाड़ली स्वागत उत्सव मनाया जाएगा। जिसमें बेटियों के जन्म पर ऑपरेशन चार्ज पूरी तरह निःशुल्क रहेगा। डॉ. प्रिंस जैन जो इस अस्पताल के संचालक है उनका कहना है कि बेटी का जन्म सिर्फ एक परिवार के लिए खुशी का पल नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए गर्व का अवसर है। हम चाहते हैं कि हर परिवार बेटी के जन्म को एक त्योहार की तरह मनाए और इस सोच को आगे बढ़ाए, हम इसी सोच को आगे बढ़ाने का एक छोटा सा प्रयास कर रहे है। अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. दुर्गा बदकारे ने कहा कि हमारे लिए बेटी का जन्म एक आशीर्वाद है। लाड़ली स्वागत उत्सव सिर्फ एक ऑफर नहीं, बल्कि एक भावनात्मक संदेश है कि बेटियां घर की रौनक और समाज की शान हैं। स्वतंत्रता दिवस पर हम सोच की आज़ादी का जश्न मना रहे हैं भेदभाव से आज़ादी, और बेटियों के प्रति सम्मान की आज़ादी। यह ऑफर 15 से 31 अगस्त तक मान्य रहेगा। स्वतंत्रता दिवस पर जब देश तिरंगे को फहराकर गर्व महसूस करता है, एमजेएम हॉस्पिटल का यह कदम हमें याद दिलाता है कि सच्ची आज़ादी तब है, जब हर बेटी का स्वागत खुले दिल और मुस्कान से हो।

## बिजनेस प्लस

### चितवन फार्म हाउस लोगों को दे रहा प्रकृति के बीच रहने का अहसास




बिलासपुर। गोल्ड फार्म की अपार सफलता के बाद डीसीटी रियल स्टेट द्वारा चितवन फार्म की नई सौगात शहरवासियों को दे रहा है। जहां लोग प्रकृति के बीच शांति भरे वातावरण में निवास कर सके। यह रायपुर रोड का पहला और एकमात्र फार्म हाउस प्रोजेक्ट है। नेशनल रोड से जुड़ा होने के कारण लोगों के बीच इसकी अच्छी मांग बढ़ रही है। डीसीटी रियल स्टेट डेवलपर शहर का जाना-पहचाना और विश्वनीय नाम बन चुका है। कंपनी द्वारा निर्मित गोल्ड फार्म को लोगों द्वारा काफी पसंद किया गया है। लोगों की विश्वनीयता को देखते हुए रायपुर रोड स्थित ग्राम मोहदा मोड़ के पास चितवन फार्म की शुरूआत की जा रही है। जहां योगा, मेडिटेशन जोन, किड्स प्ले एरिया, स्वमिंग पुल, बैडमिंटन कोर्ट के अलावा अन्य आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध है। 24 घंटे वाटर सप्लाई और बिजली व्यवस्था रखी गई है। साथ ही पूरे क्षेत्र की सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवाल की गई है। चितवन फार्म का एंट्री गेट भव्य और आकर्षक बनाया गया है, जो लोगों को शहर से अलग होने का अहसास दिलाता है। यह प्रोजेक्ट रायपुर रोड का पहला और एकमात्र फार्म हाउस हैं, जो पूरी तरह टी एण्ड सी एप्रूव्ड है।

**न्यायालय श्रीमान अष्टम अपर जिला न्यायाधीश बिलासपुर, (छ.ग.)**

**नोटिस / समंस**

आकृति सोनी..... वादिनी

विरूद्ध

राकेश कुमार सोनी वगैरह... प्रतिवादीगण

प्रोसेस क्र. 389

व्य.वाद क्र. 51A/2024

आदेश दिनांक–26/07/2025

पेशी ता.–21/08/2025

बनाम- 3- खुशबू पिता स्व. श्री राजेश सोनी निवासी बालको नगर दोदरो, कोरबा तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.)

वादिनी के द्वारा इस न्यायालय के समक्ष आपके विरूद्ध व्यवहार वाद वास्ते अंश, बिक्री पत्र को शून्य घोषित कराने एवं अपने अंश के विभाजन पश्चात पृथक आधिपत्य की आज्ञप्ति एवं अस्थायी निषेधाज्ञा का प्रकरण इस न्यायालय में संस्थित किया है अतः आपको इस न्यायालय में दिनांक 21/8/2025 को 11.00 बजे वाद पत्र का उत्तर देने हेतु उपसंजात होने के लिये नोटिस दिया जाता है एवं आपको निर्देशित किया जाता है कि आप सभी दस्तावेज सहित जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा हेतु निर्भर रहना चाहते हैं को पेश करें। आपको सूचित किया जाता है कि आप ऊपर बतायी तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होंगे तो आवेदन पत्र की सुनवाई और उसकी अवधारणा आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुये किया जावेगा। और यदि किसी कारण वश पेशी दिनांक को अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्यदिवस को किया जावेगा।

आज दिनांक 6/8/25 को मेरे न्यायालय की सील मुद्रा लगाकर हस्ताक्षरित किया गया है।

दिनांक–

**(अनिल प्रभात मिंज)**
**अष्टम अपर मो.दु.दा. अधिकरण**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन 16 तक

**कोरबा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रवेश हेतु पुनः रिक्त स्थानों के लिये ऑनलाईन आवेदन पत्र 13 अगस्त से 16 अगस्त बजे तक आमंत्रित किये जा रहे है। इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट पर जाकर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। आवेदन करने के पूर्व अभ्यर्थी उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध प्रवेश विवरणिका का भली- भांति अध्ययन कर लें। किसी प्रकार की सहायता या जानकारी से लिये अभ्यर्थी निकटतम शासकीय शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था से अथवा उक्त वेबसाइट पर प्रदर्शित हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते है। समय-सीमा के पूर्व आवेदक अपने आवेदन पत्र में किसी भी तरह की त्रुटि एवं संस्था/ व्यवसाय प्राथमिकता क्रम में सुधार कर लेवें। पूर्व के आवेदक जो अगली चरण (राउंड) में शामिल होना चाहते है, उन्हें अपने लॉगिन आई.डी. एवं पासवर्ड से लॉगिन कर अपनी प्रोफाइल संस्था/व्यवसाय के प्राथमिकता क्रम का चयन पुनः किया जाना अनिवार्य होगा अन्यथा उन्हें अगले चरण में शामिल नहीं किया जाएगा।

### पाली आईटीआई में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन 16 तक

**कोरबा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पाली में संचालित एनसीव्हीटी व्यवसाय- कोपा, विद्युतकार, फिटर, मोटर मेकेनिक और वेल्डर में प्रवेश के लिए वेबसाइट सीजीआईटीआई डाट सीजीस्टेट डाट जीओव्ही डाट इन के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन करने की अंतिम तिथि 16 अगस्त है।

### समय पर खाद बीज मिलने से किसान खुश

**कोरबा।** किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण खाद-बीज सहकारी समितियों के माध्यम से पर्याप्त मात्रा में खाद बीज की उपलब्ध कराया गया है।राज्य सरकार की किसान हितैषी नीतियों और प्रशासन की सजगता का लाभ पाकर कोरकोमा गांव के सीमांत किसान संतोष केसरवानी की खेतों की बुआई आसानी हुई और फसल की बेहतर शुरुआत संभव हो सकी। लाभार्थी श्री केसरवानी ने बताया खेत हमारा सहारा है, सरकार और समिति की तत्परता से उन्हें आवश्यक कृषि सामग्री समय पर मिली और इस मदद से उनकी खेती को नई ऊर्जा मिली है।किसान संतोष ने कहा कि उनके पास लगभग 5 एकड़ जमीन है, खरीफ सीजन के शुरुआत से ही वे बेहतर उत्पादन के लिए प्रयत्नशील है, बारिश समय पर होने से खेतों की जुताई से लेकर पौधे तैयार करने में कोई दिक्कत नही हुई। इस सीजन में समितियों से समय पर आवश्यक खाद भी उपलब्ध हो गए। इस खरीफ सीजन में कोरकोमा सहकारी समिति से उन्होंने अपनी जरूरत अनुसार 7-7 बोरी डीएपी, यूरिया और सुपर फॉस्फेट खाद क्रय किया है, जिसके लिए उन्हें कोई परेशानी नही हुई, ना ही समिति के बार-बार चक्कर लगाना पड़ता था।

### एकलव्य आदर्श स्कूल के छात्र मिले राष्ट्रपति से



**कोरब।** पीएम श्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला तथा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय रामपुर (पोड़ी उपरोड़ा) के 10 विद्यार्थियों का चयन महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से मुलाक़ात के लिए हुआ है। ये सभी 9 अगस्त को रक्षा बंधन के पावन अवसर पर राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली में आयोजित विशेष कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। जिनमें नारद सिंह, शिवम कुमार, सतपाल बिंझवार, शिवेन्द्र कुमार पैकरा और निरंतर जॉय मिन्ज तथा आरुष कुमार राज, मयंक सिंह, तन्मय, उज्ज्वल और दिव्यांशु शामिल थे।

### शहीद के परिवार को स्वतंत्रता दिवस के लिए किया आमंत्रित

**कोरबा।** जटगा चौकी में पदस्थ कटघोरा के ग्राम बनवार निवासी शहीद जवान संदीप टोप्पो के माता पिता से मिलकर उन्हें श्रीफल व शॉल मिठाई भेंटकर 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के लिए उन्हें आमंत्रित किया।

## एसडीएम ने एसईसीएल के साथ त्रिपक्षीय वार्ता का दिया आश्वासन

# रोजगार और पुनर्वास की मांग को लेकर भूविस्थापितों ने घेरा एसडीएम कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ किसान सभा और भू विस्थापित रोजगार एकता संघ ने बरसों पुराने भूमि अधिग्रहण के बदले लंबित रोजगार प्रकरण, मुआवजा सहित 9 सूत्रीय मांगों को लेकर रैली निकाली और एसडीएम कार्यालय का घेराव कर दिया।

**खास बात**

- भूविस्थापितों ने 9 सूत्रीय मांगों को लेकर कटघोरा एसडीएम कार्यालय का घंटों किया घेराव

इस दौरान कार्यालय के मुख्यद्वार मे लगे बेरिगेट्स में पुलिस व भूविस्थापितों के बीच हल्की नोक झोंक देखने को मिली। भूविस्थापित सड़क पर बैठकर प्रदर्शन करने लगे। जिसके बाद एसडीएम ने भूविस्थापितों से चर्चा की और बयान के लिए शपथ पत्र में नोटरी की अनिवार्यता को समाप्त करने का निर्देश दिया। एसडीएम द्वारा एसईसीएल के साथ त्रिपक्षीय वार्ता आयोजित कर समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया जिसके बाद भूविस्थापितों ने अपना धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया।

छत्तीसगढ़ किसान सभा और भूविस्थापित रोजगार एकता संघ ने वर्षो पुराने भूमि अधिग्रहण के बदले लंबित रोजगार प्रकरण, मुआवजा, पूर्व में अधिग्रहित जमीन की वापसी, पुनर्वास गांव में बसे भूविस्थापितों को काबिज भूमि का पट्टा देने आदि मांगों को लेकर मोर्चा खोल दिया। भूविस्थापित किसान सभा के नेतृत्व में रैली निकालकर कटघोरा एसडीएम कार्यालय का घेराव करने पहुंचे। इस दौरान मुख्यद्वार पर बेरिगेट्स लगाकर खड़े पुलिस बल ने भूविस्थापितों को रोक दिया। भूविस्थापित 3 घंटे तक कार्यालय के सामने नारेबाजी करते हुए सड़क पर बैठकर प्रदर्शन करने लगे और एसडीएम से मिलकर समस्याओं के समाधान करने की मांग पर अड़ गए। जिसके बाद एसडीएम तन्मय खन्ना ने प्रदर्शन कर रहे प्रतिनिधिमंडल को वार्ता के लिए बुलाया। बैठक में कटघोरा एसडीएम तन्मय खन्ना किसान सभा प्रतिनिधि मंडल में प्रशांत झा, जवाहर सिंह कंवर, दीपक साहू, रेशम यादव, दामोदर श्याम, रघु यादव, दीनानाथ के साथ नायब तहसीलदार, कटघोरा थाना प्रभारी धरम नारायण तिवारी उपस्थित थे। एसडीएम ने भूविस्थापितों की समस्या को गंभीरता से सुना सुनने के बाद तुरंत दीपका तहसील में ब्यान के लिए शपथ पत्र नोटरी के साथ की अनिवार्यता को समाप्त करने का आदेश दीपका तहसीलदार को दिया। नियमानुसार सभी भूविस्थापितों को अधिकार दिलाने और एसईसीएल के साथ त्रिपक्षीय वार्ता कर समस्याओं के समाधान का आश्वासन भी दिया उसके बाद एसडीएम कार्यालय घेराव आंदोलन समाप्त हुआ। इस घेराव में एसईसीएल के चारो एरिया कुसमुंडा, गेवरा, दीपका, कोरबा से प्रभावित गांव के भूविस्थापित किसान शामिल थे। घेराव में प्रमुख रूप से जवाहर सिंह कंवर, दामोदर श्याम,रेशम यादव, सुमेंद्र सिंह कंवर,जय कौशिक,रघु यादव,दीपक साहू, राजकुमारी बिंझवार, सुक्रिता,संजय यादव,शंकर दास, रमेश दास,गणेश बिंझवार, हरिहर, दीनानाथ, राहुल जायसवाल, पवन यादव, फिरत,हीरा सिंह, मिलन दास,ऋषि, राकेश,विवेक, भीम दास,गुलाब दास, इंदू,नीतू के साथ बड़ी संख्या में भू विस्थापित उपस्थित थे।





प्रदर्शन करते भूविस्थापित।

**मांगें पूरी नहीं तो 20 को महाबंद आंदोलन**

किसान सभा ने एसडीएम को कोरबा कलेक्ट्रेट, एसडीएम कार्यालय और दीपका तहसील में रुके फाइलों की सूची भी सौंपी जिसपर एसडीएम श्री खन्ना ने जल्द फाइलों की जांच कराकर समाधान का आश्वासन भी दिया। जिला प्रशासन और एसईसीएल के आश्वासन से थक चुके भूविस्थापितों ने किसान सभा के नेतृत्व में अब आर-पार की लड़ाई लड़ने का मन बना लिया है। किसान सभा ने घोषणा की है कि मांगों को पूरा नहीं किया गया तो 20 अगस्त को कुसमुंडा खदान में महाबंद आंदोलन किया जाएगा।

**भूविस्थापित अब निर्णायक लड़ाई के मूड में**

किसान सभा के प्रदेश संयुक्त सचिव प्रशांत झा, भू विस्थापित रोजगार एकता संघ के अध्यक्ष रेशम यादव, दामोदर श्याम, किसान सभा के जिलाध्यक्ष जवाहर सिंह कंवर, दीपक साहू,जय कौशिक ने आरोप लगाया है कि जिला प्रशासन जमीन अधिग्रहण के लिए पूरे प्रशासनिक ताकतों का प्रयोग कर और ग्रामीणों में दहशत का वातावरण बनाकर जमीनों का अधिग्रहण करता है लेकिन जमीन अधिग्रहण के बाद रोजगार ,बसावट जैसी सुविधाओं को भू विस्थापितों को दिलाने के लिए गंभीरता से पहल नहीं करती है इसलिए भू विस्थापितों के पास सड़कों में उतरकर आंदोलन करने के सिवाय और कोई रास्ता नहीं बचा है। भू विस्थापितों को मिलकर संघर्ष तेज करना होगा, ताकि सरकार और एसईसीएल की नीतियों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ी जा सके।

### कल जिले की मदिरा दुकानें रहेंगी बंद

**कोरबा।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को जिले की सभी मदिरा दुकानें बंद रहेंगी। कलेक्टर अजीत वसंत ने 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया है। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले में संचालित समस्त देशी-विदेशी मदिरा दुकानें, प्रीमियम, कम्पोजिट मदिरा दुकानें, एफएल 3, एफएल 3 क, अहाता पूर्णतः बंद रहेगी। कलेक्टर ने मदिरा बंदी के पूर्व दिवस को निर्धारित समय पश्चात मदिरा दुकानों को सीलबंद करने तथा मदिरा बंदी दिवस को अवैध शराब बिक्री न हो, यह सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है।

### कक्षा 11 वीं में रिक्त सीटों में प्रवेश हेतु आवेदन 18 तक

**कोरबा।** प्रयास आवासीय विद्यालय रायपुर में अन्य पिछड़ा वर्ग बालक रायपुर में कक्षा 11 वीं के रिक्त सीट 35 व अनुसूचित जाति कन्या रायपुर में रिक्त सीट 67 के प्रतिपूर्ति हेतु 18 अगस्त तक आवेदन पत्र मंगाये गये हैं। प्राप्त आवेदन के पात्र-अपात्र सूची का प्रकाशन 21 अगस्त को किया जायेगा। प्रवेश पत्र जारी होने की तिथि 23 अगस्त, प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा 25 अगस्त को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक परीक्षा केन्द्र प्रयास बालक आवासीय विद्यालय सड्डू रायपुर एवं प्रयास कन्या आवासीं विद्यालय गुढ़ियारी रायपुर में आयोजित की जायेगी। और परीक्षा परिणाम घोषित होने की तिथि 28 अगस्त 2025 निर्धारित की गई है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा से संपर्क किया जा सकता है।

## छत्तीसगढ़ राज्य विधिक परिषद के सदस्य चुनाव के लिए जिले से 10 प्रत्याशी रह सकते हैं मैदान में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य विधिक परिषद सदस्य के चुनाव की डुगडुगी बन चुकी है। इसके लिए इस वर्ष जिले के अधिवक्ता भी सदस्य बनने की दौड़ की फेहरिस्त लगातार लंबी होती ही जा रही है। संभावना जताई जा रही है कि लगभग 10 लोग इस चुनावी मैदान में कूद सकते हैं। जिसमें से 9 लोगों ने नामांकन भी दाखिल कर लिया है।

**खास बातें**

- अब तक 9 अधिवक्ताओं ने कर चुके हैं नामांकन दाखिल
- आज नामांकन दाखिले की अंतिम तिथि

हालांकि नाम वापसी के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी कि मैदान में कितने अधिवक्ता जिले से मैदान में रहेंगे।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य विधिक परिषद सदस्य का चुनाव होना है। जिसमें कुल 25 सदस्यों को चुना जाना है। इसके लिए प्रदेश भर के अधिवक्ता सदस्य बनने के लिए दौड़ में रहते हैं और इस कड़ी में नामांकन दाखिले की प्रक्रिया अनवरत जारी है। इस बार औद्योगिक नगरी कोरबा से छत्तीसगढ़ राज्य विधिक परिषद के सदस्य बनने के लिए कोरबा के अधिवक्ताओं की फेहरिस्तत लगातार बढ़ती ही जा रही है। सूत्र बताते हैं कि अब तक 9 लोगों ने नामांकन दाखिल कर लिया है। जिसमें मुख्य रूप से रविंद्र कुमार पराशर, बीके शुक्ला, अब्दुल रहमान, निखिल शर्मा, मानसिंह यादव, देवप्रयाग महिलांगे, राजेश कुर्रे, सुरेश शर्मा, कटघोरा से शिव शंकर भारती द्वारा अब तक नामांकन दाखिल किया जा चुका है तो वहीं दूसरी ओर अशोक तिवारी द्वारा 14 अगस्त को नामांकन दाखिल किया जाएगा। 14 अगस्त को नामांकन दाखिले की अंतिम तिथि बताई जा रही है। इसके बाद नाम वापसी का सिलसिला चलेगा और देखना होगा कि इस बार इस फेहरिस्त में कितने लोग मैदान में सामने आते हैं। अब तक यह संख्या 4 से 5 ही हुआ करती थी लेकिन इस बार संख्या लगभग 10 के करीब पहुंच चुकी है। जिले के अधिवक्ता छत्तीसगढ़ राज्य विधिक परिषद के सदस्य बनने के लिए अपना भाग्य आजमा रहे हैं और आने वाले सितंबर महीने में मतदान की प्रक्रिया संपन्न होगी। इसके बाद आने वाले महीने में परिणाम की घोषणा होगी। इसके बाद यह तय हो जाएगा कि कोरबा जिले से कितने अधिवक्ता छत्तीसगढ़ राज्य विधिक परिषद के सदस्य बनते हैं।



**प्रचार प्रसार का सिलसिला हो चुका है शुरू**

छत्तीसगढ़ राज्य विधिक परिषद का चुनाव की डुगडुगी बजते ही जिन अधिवक्ताओं ने नामांकन दाखिल किया है उनके द्वारा प्रचार प्रसार का सिलसिला शुरू कर दिया गया है। जहां इन दिनों न्यायालय परिसर में गहमागहमी का दौर शुरू हो चुका है तो वहीं जिन अधिवक्ताओं ने नामांकन दाखिल किया है वह प्रदेश के विभिन्न जिलों में अधिवक्ता अपने साथियों से मेलजोल करने का सिलसिला भी उनके द्वारा शुरू कर दिया गया है। बताया जाता है कि जो अधिवक्ता अपना भाग्य आजमा रहे हैं वे प्रदेश के विभिन्न जिलों में जाकर अपने लिए वोट की अपील भी कर रहे हैं। यह सिलसिला लगभग 2 महीने तक चलेगा इसके बाद 30 सितंबर को प्रदेश के 23 हजार 585 अधिवक्ता 25 मेंबर के लिए मतदान करेंगे।

## स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह के आयोजन को लेकर कलेक्टर व एसपी ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने सीएसईबी फुटबॉल ग्राउण्ड में स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित होने वाले परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतिम रिहर्सल व तैयारियों को परखा। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम के दौरान सभी प्रोटोकॉल का पालन करते हुए मिनट टू मिनट कार्यक्रम का आयोजन करने के निर्देश दिए।

**खास बात**

- अंतिम रिहर्सल में शामिल होकर परेड के जवानों और सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागियों ने किया प्रदर्शन



परेड की सलामी लेते पुलिस के जवान।

स्वतंत्रता दिवस समारोह का अंतिम रिहर्सल में अभिजीत गुरभेले (प्रशिक्षु आईएएस) मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई। कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल पर मुख्य समारोह हेतु बैठक व्यवस्था, मंच निर्माण, बेरीकेट्स, सुरक्षा आदि व्यवस्था का निरीक्षण कर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम व अन्य तैयारियों का अवलोकन किया एवं उपस्थित सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही बारिश को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में स्वतंत्रता दिवस समारोह की गरिमा का ध्यान रखने के निर्देश सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी को दिए। स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह सुबह 8.50 बजे से जिला मुख्यालय स्थित सीएसईबी फुटबॉल ग्राउंड में आयोजित होगा। मुख्य समारोह में छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य, उद्योग व श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। परेड की सलामी लेने के तत्पश्चात कैबिनेट मंत्री द्वारा मुख्यमंत्री के जनता के नाम प्रेषित संदेश का वाचन करेंगे तथा उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र का वितरण करेंगे।

## पत्नी की हत्या के मामले में आरोपी पति गिरफ्तार



**कोरबा।** बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत मंझवार मोहल्ला अजगरबहार निवासी प्रेमसाय मंझवार पिता समारसाय मंझवार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उसी मोहल्ले में निवासरत लगनी बाई मंझवार उम्र 35 वर्ष पति महेन्दर मंझवार की मौत हो गई है। जिस पर पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर खोजबीन शुरु की। जांच एवं पूछताछ के दौरान मृतका के पति महेन्दर मंझवार ने दोनों हाथ से मृतिका का मुंह एवं नाक दबाकर मौत के घाट उतारना स्वीकार किया। जिस पर पुलिस ने मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया है।




## जेनेरिक दवाओं की बढ़ी डिमांड, खपत में चार गुना इजाफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केंद्र सरकार की ओर से शुरू की गई जनऔषधि केंद्रों की वजह से लोगों में जागरूकता आई है। अब वे सस्ती दर में मिलने वाली जेनेरिक दवाओं का उपयोग करने लगे हैं। पिछले 5 साल में इनकी खपत में चार गुना वृद्धि हुई है।

**खास बात**

- जिले के 12 केन्द्रों में जेनेरिक दवाओं के कारोबार ने पकड़ी रफ्तार

वर्तमान में जिले में 12 केंद्र संचालित हैं। साल 2019 में इन संस्थानों में 6 करोड़ की दवाओं की बिक्री हुई थी। वहीं साल 2024 में यह बढ़कर 24 करोड़ रुपये तक हो गई है। प्रधानमंत्री जनौषधि केंद्र बिकने वाली सस्ती दवाओं के प्रति लोगों की विश्वसनीयता बढ़ने लगी है। जिले शहर सहित उपनगरीय क्षेत्रों में तीन दुकानें चल रही हैं। इन दुकानें में शुगर, बीपी, कोलेस्ट्राल, फंगस जैसी बीमारियों की दवा की बिक्री बढ़ी है। लोगों की मांग पर सरकारी अस्पतालों में भी जेनेरिक दवाएं चिकित्सक लिखने लगे हैं। पांच वर्ष पहले जिले में दो औषधि केंद्र की शुरूआत शहर के पुराना बस स्टैंड और घंटाघर में हुई। तब यह नहीं लग रहा था कि इस पर आम लोगों की निर्भरता बढ़ जाएगी। केंद्र संचालकों का कहना है कि केंद्र सरकार खास प्रधानमंत्री की ब्रांडिंग होने की वजह से लोग अब दवाओं को पूर्ण विश्वसनीयता के साथ खरीद रहे हैं। दवाएं सस्ती होने के कारण ही नहीं, बल्कि स्वास्थ्य के लिए कारगर होने की वजह से अधिक बिक रही हैं। यही वजह है कि पुराना बस स्टैंड व निहारिका के बाद अब कोसाबाड़ी सहित अन्य क्षेत्रों में भी जनऔषधी केंद्रों का संचालन किया जा रहा है। पूर्व में जेनेरिक औषाधलयों में लोग रुचि नहीं दिखा रहे थे। धीरे धीरे लोगों में जागरुकता बढ़ने लगी और जनऔषधी केंद्रों में लोगों की भीड़ जुटने लगी है। हरिभूमि ने जब जनऔषधी केंद्र में दवाई लेने पहुंचे मरीजों व परिजनों से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि कम दाम पर किफायती दवाईयां मिलने की वजह से वे दूसरे दवाईयों दुकानों के अपेक्षा जनऔषधी केंद्रों में ही दवाईयां लेना पसंद कर रहे हैं।

**दवाएं सस्ती हैं, लेकिन ब्रांडेड जितनी कारगर**

सर्दी, खांसी, बुखार जैसे आम बीमारियों के अलावा हृदय रोग, शुगर मरीजा, प्रसूति आदि के इलाज के जिस फार्मूले पर ब्रांडिंग कंपनिया 60 से 70 प्रतिशत अधिक दामों में बेच रही हैं। वही दवाई जनौषधि केंद्र में 30 से 40 प्रतिशत दामों में उपलब्ध हैं। पैरासिटामोल की जो दवाएं आम बाजार में 30 से 40 रुपये में बिकती है, वही दवा जनऔषधि में 10 रुपये में उपलब्ध है। ब्रांडेड कंपनियों की दवाओं की तरह सस्ती दवाएं भी कारगर हैं। दवा सस्ती होने के कारण एक दो दिन की नहीं, बल्कि माहभर के लिए एकमुश्त ले जाते हैं।

